समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 25 August 2026

# नाशिक : 'फिजिक्सवाला' कोचिंग मे मारपीट, मनसे कार्यकर्ताओं पर कार्यवाही

Publisher

Published on 13 Feb 2026




**नाशिक :** शहर के शरणपुर रोड स्थित **Physics Wallah** कोचिंग क्लास में मराठी भाषा के मुद्दे को लेकर हुई झड़प के बाद पुलिस ने छह लोगों के ख़िलाफ़ **कार्रवाई शुरू कर दी है।** जानकारी के अनुसार, कुछ छात्रों ने शिकायत की थी कि कोचिंग के कर्मचारियों ने मराठी बोलने वाले विद्यार्थियों के साथ असभ्य व्यवहार किया और उन्हें हिंदी बोलने के लिए मजबूर किया।

छात्रों ने बताया कि कुछ कर्मचारियों ने मराठी बोलने पर उन्हें 'गाँठी' तथा 'असभ्य' जैसे शब्द कहे, जिससे छात्रों में आक्रोश फैल गया। इसी के बाद **महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे)** के कार्यकर्ता कोचिंग सेंटर में पहुंचे और कर्मचारियों से इसका जवाब माँगा। वीडियो फुटेज में मनसे कार्यकर्ताओं को कर्मचारियों को मराठी में बात करने के लिए कहते और कर्मचारियों पर हाथ उठाते देखा गया।

इस घटना के बाद **सरकारवाडा पुलिस स्टेशन** में प्रबंधन की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने **मयूर बुचकुले, अक्षय कोंबडे, बाजीराव माते, मेघराज नवले, रोहित उगावकर और ललित वाघ** सहित छह लोगों को नोटिस दिया है और आगे की जांच जारी है।

कोचिंग संचालकों का कहना है कि यदि किसी भी कर्मचारी ने भाषा को लेकर अनुचित टिप्पणी की है, तो उसके खिलाफ वैधानिक रूप से शिकायत की जानी चाहिए थी, लेकिन कानून को हाथ में लेकर हिंसा करना गलत है। स्थानीय कोचिंग संचालक संघ ने भी इस तरह के व्यवहार की निंदा की है।

इस घटना ने **भाषाई सम्मान** और **कोचिंग संस्थानों मे स्थानीय भाषा के इस्तेमाल** के मुद्दों पर नए सवाल उठाए हैं, जबकि प्रशासन मामले की गहराई से जांच कर रहा है।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.